● वर्ष : 24 ● संयुक्तांक : 09 ● मुंबई ● 15 अगस्त से 21 अगस्त 2024 ● पृष्ठ : 16 ● मूल्य : ₹ 2/-

सच कहने का साहस

RNI 2000/0890

# जगत प्रहरी

हिंदी साप्ताहिक

Post.Regd.NO.MNE/129/2018-20 Website.: www.jagatprahari.com

## एमएमआरडीए ने 1 करोड़ का जुर्माना ठोंका ठेकेदार पर

### अटल सेतु के एप्रोच रोड पर गड्ढों की भरमार, मरम्मति में जुटी ठेकेदार की टीम



जगत प्रहरी संवाददाता

मुंबई। मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) प्रशासना ने अटल सेतु के एप्रोच रोड पर पड़े गड्ढों के मामले में ठेकेदार स्ट्रोबैग पर 1 करोड़ रुपये का जुर्माना ठोंका है। इस सेतु का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। यह जानकारी एमएमआरडीए ने आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली को दी है। क्योंकि उन्होंने प्रशासना से अटल सेतु पर पड़े गड्ढे के संबंध में विभिन्न जानकारी मांगी थी। एमएमआरडीए प्रशासना ने अनिल गलगली को सूचित किया कि जून 2024 के तीसरे सप्ताह में किए गए निरीक्षण के दौरान पुल के रैंप 5 को जोड़ने वाली अस्थायी सड़क में कुछ छोटी दरारें पाई गईं। जो मुख्य पुल का हिस्सा नहीं है। इन दरारों की तुरंत मरम्मत कर दी गई है। इस संबंध में ठेकेदार स्ट्रोबैग को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है।

>> शेष पृष्ठ 2 पर

## 18 अगस्त को बेतिया के 18 सेंटरों पर होगी सिपाही भर्ती परीक्षा

### सीसीटीवी की निगरानी में होगी लिखित परीक्षा



जगत प्रहरी संवाददाता

**बिहार।** केंद्रीय चयन पर्षद की ओर से बिहार पुलिस में सिपाही पद पर नियुक्ति के लिए लिखित परीक्षा रविवार 18 अगस्त को वीडियोग्राफी व सीसीटीवी की निगरानी में होगी। इस परीक्षा के लिए सुरक्षा व्यवस्था टाइट रखी गई है। नकल और पेपर लीक से बचने के लिए इस बार अलग तरह की जांच व्यवस्था की गई है। बेतिया जिला मुख्यालय के 18 सेंटर पर होने वाली परीक्षा में कुल 8813 अभ्यर्थी विभिन्न केंद्रों पर शामिल होंगे। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में होने वाली सिपाही भर्ती की परीक्षा में 11 बजे के बाद केंद्रों में किसी को भी आने की अनुमति नहीं मिलेगी।

>> शेष पृष्ठ 2 पर



**हैकर्स ने कहा- मुझे कॉल या मैसेज न करें**

# 400 डॉलर भेज देना सुप्रिया सुले का फोन हुआ हैक!

**मुंबई।** राकांपा सांसद सुप्रिया सुले ने सोमवार को दावा किया है कि उनका फोन हैक हो चुका है। सुले ने कहा कि उनके व्हाट्सएप अकाउंट की हैकिंग के बाद हैकर्स ने उन्हें एक मैसेज भेजा है। इस मैसेज में सुले से 400 डॉलर यानी (33,585.94 रुपये) की मांग की है। सुले ने दावा किया है कि हैकर्स उन्हें लगातार ब्लैकमेल कर रहा है। सुले ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि पार्टी महासचिव अदिति नलवाडे का व्हाट्सएप भी हैक कर लिया गया था। हैकर्स ने उनसे भी 10,000 रुपये मांगे। हमने पैसे देने पर सहमति जताकर उन्हें व्यस्त रखने की कोशिश की। हैकर्स ने पैसे ट्रांसफर करने के लिए बैंक अकाउंट की जानकारी भी शेयर की थी।

बारामती सांसद ने रविवार को बताया था



कि उनका फोन और व्हाट्सएप हैक हो गया है। उन्होंने तत्काल अनुरोध किया कि लोग उन्हें कॉल या मैसेज न करें। लोकसभा सांसद ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा, ह्यमेरा फोन और व्हाट्सएप हैक हो गया है। कृपया मुझे कॉल या मैसेज न करें। मैंने मदद के लिए पुलिस से संपर्क किया है। राकांपा (सपा) नेता ने इस मामले को बहुत गंभीर बताया और कहा कि उनके फोन में छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। सुले ने बाद में यवत पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई और पुलिस अधीक्षक पंकज देशमुख से बात की, जिन्होंने उन्हें जांच का आश्वासना दिया।

## स्वतंत्रता दिवस रक्तदान शिबिर में 109 यूनिट रक्त जमा




मुंबई। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने आजादी के 78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सेल कॉलोनी के बेंद्रे चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन गया। भाजपा कार्यकर्त्ता व रक्त दान शिबिर के आयोजक नित्यगजेंद्र नाडर के अनुसार पिछले तीन वर्षों से भाजपा के स्थापना दिवस और मिसाइल मैन, पूर्व राष्ट्रपति ए. पी. जे अब्दुल कलम के जन्म दिन के अवसर पर भी रक्तदान शिबिर का आयोजन किया जाता है। हर बार की तरह इस बार भी 109 यूनिट रक्त जमा कर चेंबूर के जेन हॉस्पिटल के ब्लड बैंक को दिया गया। ताकि इससे किसी भी जरूरतमंद की जान बचाया जा सके। इस शिबिर को सफल बनाने में जेन हॉस्पिटल के स्टाफ सायन हॉस्पिटल के डॉ. रणधीर सिंह, डॉ. ईश्वर गुप्ता, मारियप्पन पांडी, प्रभुराम सिंह, अकरम खान, पद्मनादम कृष्णा रेड्डी और नूपुर गुप्ता आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### पृष्ठ 1 का शेष

## एमएमआरडीए ने ठेकेदार स्ट्रोबैग पर ठोंका 1 करोड़ का जुर्माना

**पृष्ठ 1 का शेष >>** खबर के मुताबिक 22 जून 2024 को एमएमआरडीए के मुख्य अभियंता डीएम चमलवार ने ठेकेदार स्ट्रोबैग को एक नोटिस जारी कर सूचित किया कि उक्त सड़क का काम 5 जनवरी 2024 को पूरा हो चुका है। फिर भी काम की गुणवत्ता कायम नहीं है। इसके बाद अटल सेतु के सलाहकार केआर शिवानंद ने ठेकेदार स्ट्रोबैग को 1 करोड़ रुपये का जुर्माना ठोंकने के साथ ही नोटिस भी दिया है। उक्त नोटिस में 48 घंटे के भीतर सुधारने करने की बात कहि गई है। नोटिस में कहा गया है कि इसके अलावा, इन दोषों को दूर करने और फुटपाथ की गुणवत्ता को आवश्यक मानकों तक लाने के लिए आपके द्वारा उठाए जाने वाले उपायों की रूपरेखा बताते हुए एक विस्तृत कार्य योजना प्रदान करें। अनिल गलगली के मुताबिक, एमएमआरडीए द्वारा हर योजना की 6 महीने में निगरानी की जानी चाहिए ताकि गुणवत्ता और ठोस काम में हुई गलतियों को तुरंत सुधारा जा सके। गलगली का कहना है कि यह सही है कि ऐसे ठेकेदारों पर जुर्माना लगाया गया है, लेकिन भविष्य में ऐसी गलतियों को दोहराने से बचने के लिए ठेकेदार स्ट्रोबैग को ब्लैकलिस्ट करना भी उतना ही जरूरी है।

## 18 अगस्त को बेतिया के 18 सेंटरों पर होगी सिपाही भर्ती परीक्षा

**पृष्ठ 1 का शेष >>** प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षा शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न कराने को लेकर सभी केंद्राधीक्षकों, स्टैटिक दंडाधिकारियों, जोनल दंडाधिकारियों, उड़नदस्ता दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। सभी केंद्राधीक्षकों को दिए गए निर्देश का अनुपालन करने,पूरी तरह फ्रिस्किंग के पश्चात ही परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति देने के आदेश दिये गए। महिला परीक्षार्थियों की अलग से फ्रिस्किंग घेरेबंदी कर महिला कर्मी द्वारा जांच की जाएगी। ताकि कोई भी अभ्यर्थी नकल, कदाचार न कर पाये। वहीं परीक्षा को लेकर सभी परीक्षा केदो पर तैयारी पूरी कर ली गई है।

## पेटरवार में श्रीगणेश पूजा को लेकर बैठक आयोजित,भूमि पूजन भी हुई

**प्रहरी संवाददाता, पेटरवार(बोकारो):** पेटरवार खत्री मुहल्ला में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी भाद्रमास शुक्लपक्ष,चतुर्थी तिथि को श्रीगणेश पूजनोत्सव के सफल आयोजन को लेकर 14 अगस्त को कमिटी व स्थानीय लोगों की एक बैठक आयोजित की गई। बता दें,पेटरवार प्रखण्ड के अंतर्गत खत्रीटोला काली मंदिर रोड़ स्थित श्री श्री 1008 श्रीगणेश पूजा समिति पेटरवार द्वारा श्रीगणेश पूजनोत्सव के 15वें आयोजन को सफल संचालन को लेकर काली मंदिर के प्रांगण में सुरेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में एक बैठक की गई इस बैठक में आगामी 7 सितंबर से 11सितंबर तक कलश-यात्रा के साथ पांच दिवसीय आयोजन होना निश्चित हुआ है। इस बार भी पूर्व कमिटी को बरकरार रखा गया है।अध्यक्ष अनुप कुमार सेठी, उपाध्यक्ष काजू साव, सचिव सचिन कुमार सेठी, उप सचिव रॉकी विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष रंजित जायसवाल, उप कोषाध्यक्ष रेशव विश्वकर्मा, मुकेश मुंडा को बनाया गया है।

# मुफ्त चिकित्सा शिबिर में 388 मुंबईकरों ने लिया लाभ





मुंबई। कुर्ला पूर्व ठक्कर बाप्पा कॉलोनी स्थित ताश्कंद भवन सोसायटी में डॉ. ज्योत्स्ना अनिल जाधव के नेतृत्व में मुफ्त चिकित्सा शिबिर का भव्य आयोजन किया गया। मुफ्त चिकित्सा शिबिर में डाइबिटीस, बवासीर, बुखार खांसी, किडनी जांच, पथरी जांच, मोटापा कम करने के उपाय, स्त्री रोग, थाइरॉइड, कैंसर, त्वचा जांच, पाचन क्रिया और अशक्तपण आदि का मुफ्त जांच के साथ-साथ जरूरतमंदों को मुफ्त में दवाइयां भी दी गई। मुफ्त चिकित्सा शिबिर का आयोजन शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे के कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया था।

शिवसेना (यूबीटी) समर्पित कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित मुफ्त चिकित्सा शिबिर में कुल 388 महिला, पुरुषों एवं बच्चों की जांच की गई। डॉ. ज्योत्स्ना अनिल जाधव के नेतृत्व हुए इस शिबिर में 260 जरूरतमंदों को मुफ्त में दवाइयां भी दी गई। इसके आलावा अनुभवी डॉक्टरों की टीम ने डाइबिटीस और मोटापा कम करने के उपाय बताये। इस शिबिर को सफल बनाने में शिवसेना शाखा क्रमांक 151 के प्रमुख पंढरीनाथ आंबेडकर, असलम नबी पटेल, मीनाक्षी बंसल व सामाजिक और शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने अहम भूमिका निभाई।

# गांधीग्राम परिवार को विधायक ने कराया गृह प्रवेश

**विजय कुमार साव/ गोमिया (बोकारो)** गांधीग्राम के 41 परिवार को आवास योजना के तहत गोमियां विधायक ने गृह प्रवेश कराया। इस अवसर पर जिला परियोजना पदाधिकारी सहित कई अधिकारी मौजूद थे। जानकारी के अनुसार गोमिया प्रखंड के हद में स्वांग उत्तरी पंचायत स्थित गांधी ग्राम के 41 परिवारों को स्वतंत्रता दिवस पर सियारी पंचायत के ओचो नाला के समीप प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए गए नए आवासों में गृह प्रवेश कराया गया। इस दौरान गोमियां विधायक डॉ लंबोदर महतो ने फीता काट कर नए भवनों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक डॉ महतो ने कहा कि गांधी ग्राम के 41 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए गए आवासों में गृह प्रवेश कराया गया है। कहा कि गांधी ग्राम के बाकी बचे 64 परिवारों को भी सरकारी आवास बनाकर गृह प्रवेश कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन आवासों में पानी, बिजली सहित अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई है। वहीं आवास में रहने वाले के बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा के लिए मिनी आंगनबाड़ी केंद्र भी बनाया जाएगा। रहिवासियों को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार से जोड़ा जाएगा। इसके पूर्व परिसर में स्थापित किए गये गांधीजी की प्रतिमा का भी अनावरण किया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख प्रमिला चौड़े, जिला परियोजना पदाधिकारी माणिकचंद प्रजापति, गोमियां बीडीओ महादेव कुमार महतो, सीओ प्रदीप कुमार महतो, उप प्रमुख अनिल कुमार महतो आदि उपस्थित थे।

# 7 देशों के 20 से 24 साल के 6,700 युवा रेस्पोंडेंट्स के इनसाइट्स हैं शामिल

## आशावाद और आकांक्षाओं से भरपूर हैं महाराष्ट्र के 94 प्रतिशत युवक - द आईकू




**मुंबई।** वीवो ग्रुप के सब-स्मार्टफोन ब्रांड आईकू (iQOO) ने साइबर मीडिया रिसर्च (CMR) के साथ अपनी पहली द आईकू (iQOO) क्वेस्ट रिपोर्ट 2024 जारी की है, जो जेन जी (Gen Z) के सपनों, करियर और आकांक्षाओं के ट्रेंड्स और ट्रेंड्स पर आधारित है। रिपोर्ट इस आशावादी पीढ़ी के सपनों और जुनून की यात्रा को सामने लेकर है, जो दुनिया भर में सबसे बड़ी पीढ़ी में से एक है। इसमें 20-24 साल की उम्र के 6,700 रेस्पोंडेंट्स के इनसाइट्स शामिल हैं, जो भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, ब्राजील, मलेशिया, थाईलैंड और इंडोनेशिया जैसे 7 देशों से हैं। रिपोर्ट में तीन क्षेत्रों को शामिल किया गया है, जेन जी (Gen Z) क्वेस्टर्स की भावना और अपने सपनों को पूरा करने की प्रेरणा, उनके जुनून की खोज में आने वाली बाधाएं और रुकावटें, उनके हितों को आगे बढ़ाने वाले करियर आप्शन शामिल हैं।

रिपोर्ट के निष्कर्ष बताते हैं कि महाराष्ट्र के युवाओं को हाई सोशिएटल प्रेशर का सामना करना पड़ता है। लेकिन हाई सोशिएटल प्रेशर के बावजूद आशावाद और आकांक्षाओं का स्तर 94 प्रतिशत है। रिपोर्ट में जेन जी (Gen Z) के लिए सफलता का क्या अर्थ है, इसके विभिन्न पहलुओं की गहराई से पड़ताल की गई है। इसमें क्वेस्टर्स की ड्राइव, जुनून और महत्वाकांक्षा को एक क्वांटिटी मीट्रिक - क्वेस्ट इंडेक्स या "QI" से समझाया गया है। परिणामों से पता चलता है कि भारत का QI 9.1 है, इसके बाद मलेशिया 8.7 QI, थाईलैंड और अमेरिका 8.2 QI, इंडोनेशिया 8.1 QI, यूनाइटेड किंगडम 8 दक और ब्राजील 7.8 दक के साथ आता है। इस रिपोर्ट पर टिप्पणी करते हुए, आईकू इंडिया के सीईओ निपुण मार्या ने कहा, ह्रआईकू (iQOO) में क्वेस्ट की स्पिरिट है, जो हर कम्युनिकेशन में जेन जी (Gen Z) के साथ रहता है। सीमाओं को आगे बढ़ाने और अधिक प्रयास करने के लिए समर्पित ब्रांड के रूप में, आईकू इन मूल्यों को अपने जेन जी (Gen Z) दर्शकों तक पहुंचाता है। सपनों का समर्थन करने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए, पिछले साल, आईकू (iQOO) ने कानपुर से भारत के पहले 23 साल के एक चीफ गेमिंग ऑफिसर को शामिल किया।




# डीआरएम ने किया सभी रेल कर्मियों से देश के प्रति समर्पित होकर कार्य करने का आव्हान

## सोनपुर मंडल में 78वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया







**प्रहरी संवाददाता/सारण(बिहार)।**

78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सारण जिला के हद में सोनपुर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय प्रांगण में मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक विवेक भूषण सूद ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने भारत की स्वाधीनता संग्राम में अपने प्राणों को न्योछावर कर स्वतंत्र देश की नींव रखने वाले अमर सपूतों, गुमनाम जननायकों एवं सभी स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने सोनपुर रेल मंडल की ओर से सभी को शुभकामनाएं देते हुए यात्रियों की सुरक्षित यात्रा की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने आज़ादी के समय विभाजन का दंश झेलने वाले तथा बलिदान हुए नागरिकों की याद में सोनपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर विभीषिका स्मरण दिवस मनाए जाने की जानकारी दी।

डीआरएम सूद ने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत सोनपुर मंडल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अपने - अपने घरों पर तिरंगा फहराया गया। उन्होंने सोनपुर मंडल की अब तक की उपलब्धियों पर संक्षिप्त प्रकाश डालते हुए सभी रेल कर्मियों से देश के प्रति समर्पित होकर कार्य करने का आव्हान किया। इसके उपरांत आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्काउट एवं गाइड तथा मंडल कला समिति के सदस्यों ने देश भक्ति की भावों से सज्जित लुभावन नृत्यों एवं गानों से स्वतंत्रता दिवस पर माहौल को देश भक्ति की भावना से ओतप्रोत कर दिया।

तत्पश्चात मंडल रेल प्रबंधक सोनपुर विवेक भूषण सूद, महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा, सदस्याओं एवं अन्य अधिकारीगण द्वारा आजादी के प्रतीक स्वरूप गुब्बारे उड़ाए गए। इसके उपरांत महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा मंजु सूद ने महिला रेलकर्मी के सुविधा के लिए मंडल कार्यालय में क्रेच का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक सहित मंडल के सभी अधिकारिगण तथा मान्यता प्राप्त संघ व एसोसिएशन के प्रतिनिधि एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# स्वतंत्रता दिवस को लेकर जगह जगह किया गया फॉगिंग



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बोकारो जिला के हद में सीसीएल कथारा क्षेत्र के विभिन्न कार्यालयों तथा स्कूलो में मच्छर रोधी छिड़काव (फॉगिंग)किया गया। उक्त जानकारी उक्त कार्य ऐ जुड़े संवेदक राधेश्याम तिवारी ने 16 अगस्त को दी।

संवेदक तिवारी ने बताया कि क्षेत्र में बढ़ रहे मच्छरो के प्रभाव मो कम करने को लेकर कथारा क्षेत्र के विभागाध्यक्ष असैनिक संजय सिंह के निर्देश पर 15 अगस्त की सुबह फॉगिंग कराया गया। उन्होंने बताया कि इस कार्य में मशीनों के माध्यम से मैलाथियान नामक केमिकल का छिड़काव किया गया।

तिवारी के अनुसार स्वतंत्रता दिवस को लेकर महाप्रबंधक कार्यालय परिसर सहित जीएम फुटबॉल ग्राउंड, रेलवे कॉलोनी स्थित प्राथमिक विद्यालय तथा नव



प्राथमिक विद्यालय में फॉगिंग किया गया। ज्ञात हो कि इससे पूर्व बोड़िया दक्षिणी पंचायत के भोलटोंगरिया, बाजार टांड़, क्षेत्रीय अस्पताल, डीएवी पब्लिक स्कूल जूनियर ए सीनियर विंग, बोड़िया उत्तरी पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक विद्यालय, दोनों पंचायतो के पंचायत सचिवालय, कथारा ओपी आदि क्षेत्र में फॉगिंग कर मच्छर को प्रकोप को कमतर करने का प्रयास किया गया।

क्षेत्र में सीसीएल प्रबंधन द्वारा किए जा रहे इस कार्य की बोड़िया दक्षिणी पंचायत की मुखिया तरुलता देवी, पूर्व मुखिया घनश्याम प्रसाद, बोड़िया उत्तरी पंचायत के मुखिया कामेश्वर महतो, पूर्व मुखिया तुलिया देवी, पर्यावरण सखी मंडल की सुशीला देवी, समाजसेवी के. ललिता राव आदि ने सराहना की है। बताया जाता है कि क्षेत्र के विभिन्न कॉलोनीयों, विभिन्न कार्यालयों, स्कूलों तथा प्रभावित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार एक साल तक फॉगिंग कार्य किया जाना है।

# फिरोज आलम को जगत प्रहरी कर चुका है निष्कासित



यह हैं बोकारो जिला के हद में तुपकाडीह के मानगो रहिवासी फिरोज आलम। ये पूर्व में जगत प्रहरी में जैनमोड़(बोकारो) से समाचार संकलन कर रहे थे। इनके विरुद्ध चंद्रपुरा प्रखंड के दुग्दा रहिवासी जिप सदस्य जैसे सम्मानित व्यक्ति द्वारा जबरन दोहन का आरोप लगाने के बाद आरोप की सत्यता की पुष्टि होने पर इन्हें अक्टूबर 2023 से समाचार संकलन तथा जगत प्रहरी के किसी भी गतिविधि पर रोक लगा दी गयी। बावजूद इसके इनके द्वारा जगत प्रहरी के नाम का इस्तेमाल किए जाने की सूचना है।

सार्वजनों से अनुरोध है कि इनके साथ जगत प्रहरी से संबंधित किसी प्रकार का समाचार अथवा विज्ञापन संबंधित संबंध न रखे।

यदि इसके बाद भी कोई ऐसा करता है तो इसके लिए जगत प्रहरी की जिम्मेवारी नहीं होगी।

एस. पी. सक्सेना

ब्यूरो प्रमुख बिहार झारखंड

गुंज रहा है दुनिया में हिंदुस्तान का नारा
चमक रहा है आसमान में तिरंगा हमारा
स्वतंत्रता दिवस पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं






योगेश्वर महतो 'बाटुल'
पूर्व विधायक
बेरमो (बोकारो) झारखंड

देश की आजादी की लड़ाई में खुद की कुर्बानी देने वाले शहीदों की शहादत को सलाम स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई





**संजीत कुमार सिंह**
अंचल अधिकारी,
बेरमो (बोकारो)झारखंड

स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर आओ मिलकर गर्व से फहराएं हर घर तिरंगा संपूर्ण देश की जनता को हार्दिक शुभकामनाएं






**रंजय सिन्हा**
महाप्रबंधक सीसीएल ढोरी क्षेत्र,
बेरमो (बोकारो) झारखंड

संपूर्ण देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं





**राजीव रंजन**
कार्यपालक पदाधिकारी
फुसरो नगर परिषद,
बेरमो (बोकारो) झारखंड।

देश की आजादी की लड़ाई में खुद की कुर्बानी देने वाले शहीदों की शहादत को सलाम
स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई





**मुकेश कुमार**
प्रखंड विकास पदाधिकारी बेरमो,
बोकारो (झारखंड)

स्वतंत्रता दिवस पर हम कसम खाएंगे
भारत देश को आत्मनिर्भर बनाएंगे
स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई





**मनोज कुमार**
विभागाध्यक्ष असैनिक,
सीसीएल ढोरी क्षेत्र,
बेरमो (बोकारो) झारखंड।

अनेकता में एकता ही इस देश की शान है
इसलिए मेरा भारत महान है
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं





**अभिजीत दत्ता**
परियोजना अभियंता उत्खनन,
स्वांग-गोबिंदपुर फेज दो, सीसीएल
कथारा क्षेत्र, बोकारो (झारखंड)

सिर झुका के उन शहिदों को है मेरा नमन
जिनके लिए खुद जान से प्यारा था हमारा वतन
स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई





**वी. मोहन बाबू**
परियोजना पदाधिकारी, स्वांग
कोल वाशरी, सीसीएल कथारा
क्षेत्र, बोकारो (झारखंड)

गुंज रहा है दुनिया में हिंदुस्तान का नारा
चमक रहा है आसमान में तिरंगा हमारा
स्वतंत्रता दिवस पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं





**दीपक रंजन**
सचिव
जनता मजदूर संघ
महाप्रबंधक
कार्यालय शाखा कथारा, बोकारो (झारखंड)

गुंज रहा है दुनिया में हिंदुस्तान का नारा
चमक रहा है आसमान में तिरंगा हमारा
स्वतंत्रता दिवस पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं





**रंजीत प्रसाद यादव**
थाना प्रभारी महुआटांड़
(बोकारो) झारखंड

देश की आजादी की लड़ाई में खुद की कुर्बानी देने वाले शहीदों की शहादत को सलाम स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई



**प्रफुल्ल कुमार महतो**
थाना प्रभारी आईईएल,
बोकारो (झारखंड)

स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर आओ मिलकर गर्व से फहराएं हर घर तिरंगा संपूर्ण देश की जनता को हार्दिक शुभकामनाएं



**जुनैद आलम**
समाजसेवी बोकारो
(झारखंड)

संपूर्ण देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं



**राजेश विश्वकर्मा**
केंद्रीय सचिव
आजसू पार्टी

देश की आजादी की लड़ाई में खुद की कुर्बानी देने वाले शहीदों की शहादत को सलाम
स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई



**बंटी सिंह**
समाजसेवी गोमियां
(बोकारो) झारखंड

स्वतंत्रता दिवस पर हम कसम खाएंगे
भारत देश को आत्मनिर्भर बनाएंगे
स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई



**चितरंजन साव**
समाजसेवी गोमियां
(बोकारो) झारखंड

अनेकता में एकता ही इस देश की शान है
इसलिए मेरा भारत महान है
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**रोहित मंडल**
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तेनुघाट
(बोकारो) झारखंड

सिर झुका के उन शहिदों को है मेरा नमन
जिनके लिए खुद जान से प्यारा था हमारा वतन
स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई



**महादेव कुमार महतो**
प्रखंड विकास पदाधिकारी
गोमियां (बोकारो) झारखंड

गुंज रहा है दुनिया में हिंदुस्तान का नारा
चमक रहा है आसमान में तिरंगा हमारा
स्वतंत्रता दिवस पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं



**डॉ धीरेंद्र करमाली**
भीष्मा नर्सिंग होम गोमियां
(बोकारो) झारखंड

गुंज रहा है दुनिया में हिंदुस्तान का नारा
चमक रहा है आसमान में तिरंगा हमारा
स्वतंत्रता दिवस पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं



**नीलकंठ कच्छप**
प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक
(जे एस एल पी एस) बेरमो (बोकारो) झारखंड

देश की आजादी की लड़ाई में खुद की कुर्बानी देने वाले शहीदों की शहादत को सलाम स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई



**राजेश प्रजापति**
प्रभारी कथारा ओपी,
बोकारो (झारखंड)

स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर आओ मिलकर गर्व से फहराएं हर घर तिरंगा संपूर्ण देश की जनता को हार्दिक शुभकामनाएं



**जे. एस. पैकरा**
महाप्रबंधक (उत्खनन) सह
विभागाध्यक्ष सीसीएल कथारा
क्षेत्र, बोकारो (झारखंड)

संपूर्ण देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं



**अमित कुमार**
उप प्रबंधक (सीपी) स्वांग कोल
वाशरी, सीसीएल कथारा क्षेत्र,
बोकारो (झारखंड)

देश की आजादी की लड़ाई में खुद की कुर्बानी देने वाले शहीदों की शहादत को सलाम स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई



**संजय कुमार**
महाप्रबंधक सीसीएल कथारा क्षेत्र,
बोकारो (झारखंड)

स्वतंत्रता दिवस पर हम कसम खाएंगे भारत देश को आत्मनिर्भर बनाएंगे स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई



**वशिष्ठ नारायण सिंह**
अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी
(एसडीपीओ) बेरमो (बोकारो) झारखंड

अनेकता में एकता ही इस देश की शान है इसलिए मेरा भारत महान है स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**शैलेन्द्र कुमार सिंह**
पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी,
बोकारो थर्मल।

सिर झुका के उन शहिदों को है मेरा नमन जिनके लिए खुद जान से प्यारा था हमारा वतन स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई



**शब्बीर अंसारी**
प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष
पेटरवार(बोकारो)



**अनवरी खातून**
मुखिया, खेतको
पंचायत(पेटरवार) बोकारो

गुंज रहा है दुनिया में हिंदुस्तान का नारा, चमक रहा है आसमान में तिरंगा हमारा स्वतंत्रता दिवस पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं






**MD. IZRAIL HASAN**
Director D. A. B. NATIONAL SCHOOL, Telmungo road kasmar(Bokaro) Jharkhand

गुंज रहा है दुनिया में हिंदुस्तान का नारा चमक रहा है आसमान में तिरंगा हमारा स्वतंत्रता दिवस पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं



**अशोक कुमार मुर्मु**
झामुमो बोकारो जिला कोषाध्यक्ष,
जिप सदस्य एवं सदस्य जिला
योजना समिति बोकारो, झारखंड

# स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मोरहाबादी मैदान में फहराया तिरंगा

**एस. पी. सक्सेना/रांची(झारखंड)।**
**झारखंड की राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में 15 अगस्त कि 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तिरंगा फहराया। इस अवसर पर सीएम सोरेन ने झारखंड वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार द्वारा वैसे छात्र-छात्रा जो 12वीं में उत्तीर्ण होने के बाद आर्थिक स्थिति के कारण आगे की पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते है। उन छात्रों के लिए सरकार के गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत 4 प्रतिशत के साधारण ब्याज दर पर 15 लाख तक का ऋण बैंको के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है।**

मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि आर्थिक तंगी के कारण झारखंड वासियों को बेहतर से बेहतर इलाज़ सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाती है। इस समस्या को दूर करने के लिए उनकी सरकार ने अबुआ स्वाथ्य सुरक्षा योजना की शुरुआत की है। इस योजना के में लाभुक को प्रतिवर्ष हर परिवार के सदस्य को 15 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में जहां पहले रहिवासियों को 125 यूनिट बिजली मुफ्त मिला करती थी, अब इसे बढ़ाकर 200 यूनिट कर दी गयी है। जिससे राज्य की जनता को महंगाई के दौर में थोड़ी राहत मिल सके।



सीएम हेमंत सोरेन ने इस अवसर पर काजल कुमारी नामक बच्ची को जीवन रक्षा पदक 2023 के पुरस्कार उत्तम जीवन रक्षा पदक से नवाजा। बताया जाता है कि काजल कुमारी को तैरना नहीं आता था, फिर भी अपनी जान जोखिम में डाल कर उसनो तीन वर्षीय शिवम कुमार को डूबने से बचाया था।

# मुंबई मेल दुर्घटना में यात्रियों के रक्षक बने दो थाना प्रभारी सम्मानित

**एस. पी. सक्सेना/रांची(झारखंड)।**
**बीते माह 30 जुलाई की अहले सुबह हुई हावड़ा मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन दुर्घटना में बिना अपनी जान की परवाह किए यात्रियों के लिए रक्षक बने दो थाना प्रभारी को जिला उपायुक्त में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को सम्मानित किया। सम्मान उपायुक्त के अलावा पुलिस अधीक्षक द्वारा आमदा ओपी प्रभारी अविनाश कुमार तथा खरसावां थाना प्रभारी गौरव कुमार को दिया गया।**

जानकारी के अनुसार बीते माह 30 जुलाई की अहले सुबह 3:40 बजे हावड़ा मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन क्रमांक 12810 झारखंड के सरायकेला खरसावां जिला के हद में आमदा ओपी क्षेत्र के पोटोबेड़ा के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। इस दुर्घटना में उक्त ट्रेन का 12 डब्बा बेपटरी हो गया था। इस रेल दुर्घटना में दो रेल यात्री की भी मौत हो गई थी, जबकि 20 से 25 रेल यात्री घायल हो गए थे। घटना की सूचना मिलते ही आमदा ओपी प्रभारी अविनाश कुमार तथा खरसावां थाना प्रभारी गौरव कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपनी सूझबूझ से ट्रेन के डब्बे में फंसे रोते बिलखते सभी घायल यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया और तत्काल चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई। जिससे सभी घायल यात्रियों की जान बच गई। इस कार्य में थाना प्रभारी का साथ कनीय अवर निरीक्षक काशी कांत गोराई, झारखंड पुलिस हवलदार बुधन लाल सेठ तथा आरक्षी विक्रम कुमार ने भी साथ दिया। इस रेल दुर्घटना में बेहतर कार्य करने वाले दोनों थाना प्रभारी को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को आयोजित जिला



स्तरीय समारोह में जिला उपायुक्त (डीसी) रवि शंकर शुक्ला तथा पुलिस अधीक्षक (एसपी) सरायकेला खरसावां मुकेश लुनायट ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।








देश की आजादी की लड़ाई में खुद की कुर्बानी देने वाले शहीदों की शहादत को सलाम स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई
स्वतंत्रता दिवस
15TH AUGUST
गिरिजा देवी
प्रखंड प्रमुख बेरमो एवं भाजपा महिला मोर्चा बोकारो जिलाध्यक्ष (झारखंड)


स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर आओ मिलकर गर्व से फहराएं हर घर तिरंगा संपूर्ण देश की जनता को हार्दिक शुभकामनाएं
स्वतंत्रता दिवस
15TH AUGUST
संतोष पांडेय
वरीय भाजपा नेता एवं सदस्य जिला परिषद (दुग्दा), बोकारो (झारखंड)


सिर झुका के उन शहिदों को है मेरा नमन
जिनके लिए खुद जान से प्यारा था हमारा वतन
स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई
स्वतंत्रता दिवस
15TH AUGUST
कुमार जयमंगल (अनुप सिंह)
विधायक बेरमो, बोकारो (झारखंड)


गुंज रहा है दुनिया में हिंदुस्तान का नारा
चमक रहा है आसमान में तिरंगा हमारा
स्वतंत्रता दिवस पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं
स्वतंत्रता दिवस
15TH AUGUST
डॉक्टर लम्बोदर महतो
विधायक
गोमियां (बोकारो) झारखंड

देश की आजादी की लड़ाई में खुद की कुर्बानी देने वाले शहीदों की शहादत को सलाम स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई



**अशोक कुमार मंडल**
जरीडीह प्रखंड
कांग्रेस अध्यक्ष

---

स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर आओ मिलकर गर्व से फहराएं हर घर तिरंगा संपूर्ण देश की जनता को हार्दिक शुभकामनाएं



**अशोक राम**
अंचल अधिकारी (सीओ)
पेटरवार (बोकारो) झारखंड

---

संपूर्ण देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं



**के. एस. गैवाल**
महाप्रबंधक
(खनन)/परियोजना
पदाधिकारी एकेकेओसीपी,
सीसीएल बीएंडके क्षेत्र
(बोकारो) झारखंड

---

देश की आजादी की लड़ाई में खुद की कुर्बानी देने वाले शहीदों की शहादत को सलाम स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई





**प्रोफेसर सच्चिदानंद सिंह**
**प्राचार्य**
बिन्देश्वरी दुबे आवासीय
महाविद्यालय पिछरी
(बोकारो) झारखंड

---

स्वतंत्रता दिवस पर हम कसम खाएंगे भारत देश को आत्मनिर्भर बनाएंगे स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई



**डॉ. कुंदन राज**
प्रभारी सीएचसी पेटरवार
(बोकारो) झारखंड

---

अनेकता में एकता ही इस देश की शान है इसलिए मेरा भारत महान है स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**राजू मुंडा**
थाना प्रभारी पेटरवार
(बोकारो) झारखंड

---

सिर झुका के उन शहिदों को है मेरा नमन जिनके लिए खुद जान से प्यारा था हमारा वतन स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई



**अनवर आलम**
समाजसेवी एवं वरीय राजद नेता,
बोकारो (झारखंड)

---

गुंज रहा है दुनिया में हिंदुस्तान का नारा
चमक रहा है आसमान में तिरंगा हमारा
स्वतंत्रता दिवस पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं



**शैलेश प्रसाद**
परियोजना पदाधिकारी एसडीओसीएम,
सीसीएल ढोरी क्षेत्र (बोकारो) झारखंड

---

गुंज रहा है दुनिया में हिंदुस्तान का नारा
चमक रहा है आसमान में तिरंगा हमारा
स्वतंत्रता दिवस पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं



**के. रामकृष्णा**
महाप्रबंधक सीसीएल बीएंडके क्षेत्र,
बोकारो (झारखंड)

देश की आजादी की लड़ाई में खुद की कुर्बानी देने वाले शहीदों की शहादत को सलाम स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई



**शहजादी बानो**
सदस्य जिला परिषद,
बोकारो (झारखंड)

स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर आओ मिलकर गर्व से फहराएं हर घर तिरंगा संपूर्ण देश की जनता को हार्दिक शुभकामनाएं



**प्रतुल कुमार**
मुख्य प्रबंधक (कार्मिक) एवं
विभागाध्यक्ष कार्मिक एवं प्रशासन
सीसीएल ढोरी क्षेत्र, बोकारो (झारखंड)

संपूर्ण देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं



**बिपिन राय**
क्षेत्रीय निदेशक झारखंड
जोन जी एवं प्राचार्य डीएवी
पब्लिक स्कूल कथारा
(बोकारो) झारखंड

देश की आजादी की लड़ाई में खुद की कुर्बानी देने वाले शहीदों की शहादत को सलाम स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई



**जयशंकर प्रसाद**
महाप्रबंधक सह विभागाध्यक्ष
(विद्युत एवं यांत्रिक), सीसीएल ढोरी
क्षेत्र, बोकारो (झारखंड)

स्वतंत्रता दिवस पर हम कसम खाएंगे भारत देश को आत्मनिर्भर बनाएंगे स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई



**ओमप्रकाश सिंह (टीनू सिंह)**
सदस्य जिला परिषद,
बोकारो (झारखंड)

अनेकता में एकता ही इस देश की शान है इसलिए मेरा भारत महान है स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**तरुलता देवी**
मुखिया बोड़िया दक्षिणी पंचायत,
बेरमो (बोकारो) झारखंड

सिर झुका के उन शहिदों को है मेरा नमन जिनके लिए खुद जान से प्यारा था हमारा वतन स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई



**सुनील कुमार गुप्ता**
क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी, सीसीएल
कथारा क्षेत्र, बोकारो (झारखंड)

गुंज रहा है दुनिया में हिंदुस्तान का नारा चमक रहा है आसमान में तिरंगा हमारा स्वतंत्रता दिवस पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं






**प्रोफेसर लक्ष्मी नारायण राय**
प्राचार्य कृष्ण बल्लभ महाविद्यालय बेरमो
(बोकारो) झारखंड

गुंज रहा है दुनिया में हिंदुस्तान का नारा चमक रहा है आसमान में तिरंगा हमारा स्वतंत्रता दिवस पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं



**विजय कुमार**
परियोजना पदाधिकारी कथारा कोल वाशरी,
सीसीएल कथारा क्षेत्र (बोकारो) झारखंड

देश की आजादी की लड़ाई में खुद की कुर्बानी देने वाले शहीदों की शहादत को सलाम स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई



**संजय सिंह**
विभागाध्यक्ष असैनिक सीसीएल
कथारा क्षेत्र, बोकारो (झारखंड)

स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर आओ मिलकर गर्व से फहराएं हर घर तिरंगा संपूर्ण देश की जनता को हार्दिक शुभकामनाएं



**राजीव रंजन**
क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक सीसीएल
कथारा क्षेत्र, बोकारो (झारखंड)

संपूर्ण देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं



**डी. के. सिन्हा**
परियोजना पदाधिकारी
कथारा कोलियरी,
सीसीएल कथारा क्षेत्र,
बोकारो (झारखंड)

देश की आजादी की लड़ाई में खुद की कुर्बानी देने वाले शहीदों की शहादत को सलाम स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई



**अजय कुमार सिंह**
अध्यक्ष राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन कथारा क्षेत्र एवं बेरमो विधायक प्रतिनिधि

स्वतंत्रता दिवस पर हम कसम खाएंगे
भारत देश को आत्मनिर्भर बनाएंगे
स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई



**मोहन कुमार**
परियोजना अभियंता (विद्युत एवं यांत्रिक)
जारंगडीह परियोजना, सीसीएल कथारा क्षेत्र, बोकारो (झारखंड)

अनेकता में एकता ही इस देश की शान है
इसलिए मेरा भारत महान है
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




**दीपक कुमार राणा**
थाना प्रभारी चतरोचट्टी
(बोकारो) झारखंड

सिर झुका के उन शहिदों को है मेरा नमन
जिनके लिए खुद जान से प्यारा था हमारा वतन
स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई



**कामोद प्रसाद**
क्षेत्रीय सचिव जनता मजदूर संघ
कथारा क्षेत्र, बोकारो (झारखंड)

गुंज रहा है दुनिया में हिंदुस्तान का नारा
चमक रहा है आसमान में तिरंगा हमारा
स्वतंत्रता दिवस पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं



**सोनी साहु**
वार्ड सदस्य पलिहारी गुरुडीह पंचायत,
गोमियां (बोकारो) झारखंड

गुंज रहा है दुनिया में हिंदुस्तान का नारा
चमक रहा है आसमान में तिरंगा हमारा
स्वतंत्रता दिवस पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं



**रोहित कुमार सिंह**
पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बेरमो,
बोकारो (झारखंड)

देश की आजादी की लड़ाई में खुद की कुर्बानी देने वाले शहीदों की शहादत को सलाम स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई



**विजय शंकर नायक**
राष्ट्रीय महासचिव सह प्रभारी
झारखंड व छतीसगढ़,
सम्पूर्ण भारत क्रांति पार्टी
(रांची) झारखंड

---

स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर आओ मिलकर गर्व से फहराएं हर घर तिरंगा संपूर्ण देश की जनता को हार्दिक शुभकामनाएं

**क्षेत्रीय विक्रय विभाग परिवार**
सीसीएल कथारा क्षेत्र, बोकारो (झारखंड)

---

संपूर्ण देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं



**अनिल कुमार तिवारी**
परियोजना पदाधिकारी
स्वांग-गोबिंदपुर फेज-2,
सीसीएल कथारा क्षेत्र
(बोकारो) झारखंड

---

देश की आजादी की लड़ाई में खुद की कुर्बानी देने वाले शहीदों की शहादत को सलाम स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई

**क्षेत्रीय विक्रय विभाग परिवार**
सीसीएल बीएंडके क्षेत्र, बोकारो (झारखंड)

---

स्वतंत्रता दिवस पर हम कसम खाएंगे भारत देश को आत्मनिर्भर बनाएंगे स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई

**श्रीनिवास कुमार सिंह**
प्रभारी बोकारो-झरिया ओपी, बोकारो (झारखंड)

---

अनेकता में एकता ही इस देश की शान है इसलिए मेरा भारत महान है स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**मनीष कुमार**
स्थाना प्रभारी, दुग्दा (बोकारो) झारखंड

---

सिर झुका के उन शहिदों को है मेरा नमन जिनके लिए खुद जान से प्यारा था हमारा वतन स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई



**अमन कुमार**
थाना प्रभारी, चंद्रपुरा
(बोकारो) झारखंड

---

गुंज रहा है दुनिया में हिंदुस्तान का नारा चमक रहा है आसमान में तिरंगा हमारा स्वतंत्रता दिवस पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं

**अनिल लिंडा**
थाना प्रभारी पेंक-नारायणपुर (बोकारो) झारखंड


---

गुंज रहा है दुनिया में हिंदुस्तान का नारा चमक रहा है आसमान में तिरंगा हमारा स्वतंत्रता दिवस पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं



**इस्लाम अंसारी**
अध्यक्ष
रैयत विस्थापित मोर्चा,
जारंगडीह शाखा, बोकारो (झारखंड)

देश की आजादी की लड़ाई में खुद की कुर्बानी देने वाले शहीदों की शहादत को सलाम स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई



काशी साव
अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा बोकारो जिलाध्यक्ष (झारखंड)

स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर आओ मिलकर गर्व से फहराएं हर घर तिरंगा संपूर्ण देश की जनता को हार्दिक शुभकामनाएं

परियोजना परिवार
क्षेत्रीय कर्मशाला (आर. आर. शॉप)
सीसीएल कथारा क्षेत्र, बोकारो (झारखंड)

संपूर्ण देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं



खुर्शीद आलम
पुलिस निरीक्षक एवं थाना प्रभारी चास (बोकारो) झारखंड

देश की आजादी की लड़ाई में खुद की कुर्बानी देने वाले शहीदों की शहादत को सलाम स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई



अनिल कच्छप
पुलिस इंस्पेक्टर एवं थाना प्रभारी हरला (बोकारो) झारखंड

स्वतंत्रता दिवस पर हम कसम खाएंगे
भारत देश को आत्मनिर्भर बनाएंगे
स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई

सुरेश कुमार सिन्हा
अंचल अधिकारी कसमार (बोकारो) झारखंड।

अनेकता में एकता ही इस देश की शान है
इसलिए मेरा भारत महान है
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

भजन लाल महतो
थाना प्रभारी कसमार (बोकारो) झारखंड

सिर झुका के उन शहिदों को है मेरा नमन
जिनके लिए खुद जान से प्यारा था हमारा वतन
स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई



पवन राज रेस्टोरेंट एवं बार
गोमियां-फुसरो मार्ग (गोमियां)
बोकारो, झारखंड

गूंज रहा है दुनिया में हिंदुस्तान का नारा
चमक रहा है आसमान में तिरंगा हमारा
स्वतंत्रता दिवस पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं




वरुण कुमार सिंह
वरीय कांग्रेस नेता एवं कथारा क्षेत्रीय सचिव आरसीएमएस(इंटक), बोकारो (झारखंड)

गूंज रहा है दुनिया में हिंदुस्तान का नारा
चमक रहा है आसमान में तिरंगा हमारा
स्वतंत्रता दिवस पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं



नित्यानंद भोक्ता
थाना प्रभारी गोमियां (बोकारो) झारखंड



# यादों में स्वतंत्रता सेनानी बिहार विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष बाबू रामदयालु सिंह

**गंगोत्री प्रसाद सिंह/हाजीपुर (वैशाली) ।** भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन के इतिहास के एक अप्रितम सेनानी, एक धाकड़ अधिवक्ता, कर्मयोगी, राष्ट्रभक्त और संत राजनेता बाबू रामदयालु सिंह की की यादें आज भी क्षेत्र के जनमानस में तरोताजा है।

**बाबू रामदयालु सिंह का जीवन यात्रा**

रामदयालु सिंह का जन्म जन्म बिहार के मुजफ्फरपुर जिला के हद में कटरा थाने के गंगेया ग्राम स्थित एक संपन्न भूमिहार ब्राह्मण बाबू चंद्रदेव सिंह के तृतीय पुत्र के रूप में वर्ष 1886 के कार्तिक माह में हुआ था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा कटरा के लोअर प्रायमरी स्कूल में हुई और सना 1907 में कोलकाता विश्वविद्यालय से स्नातक पास करने के बाद उन्होंने वकालत की पढ़ाई इलाहाबाद विश्वविद्यालय से की।कोलकाता में पढ़ाई के दौरान ही सन 1906 में रामदयालु सिंह की शादी कटरा थाना के लखनपुर ग्राम के बाबू डोमन ठाकुर की पुत्री रामप्यारी देवी के साथ हो गया। रामदयालु सिंह को कोई पुत्र नहीं था। उनकी सिर्फ दो पुत्री थी।

उन्होंने सन 1910 में वकालत पास करने के बाद पटना में अपना वकालत शुरू किया। लेकिन पटना में वकालत में उनका मन नहीं लगा वे मुजफ्फरपुर आ गए। राम दयाल बाबू ने जिस समय मुजफ्फरपुर में वकालत शुरू किया, उस समय मुजफ्फरपुर कचहरी में बंगाली अधिवक्ताओं की धाक थी, लेकिन रामदयालु बाबू बहुत कम समय में अपनी वाक चतुराई के बल पर मुजफ्फरपुर के बड़े वकील बन गए। उत्तर बिहार के बड़े–बड़े जमींदार और साहूकार उनके मोवकील बन गए और रामदयालु सिंह ने वकालत पेशा से अकूत धन कमाया।

रामदयालु सिंह ने सैकड़ो बीघा जमीन अपने गांव पर खरीद की। साथ हीं बररी कोठी भी खरीद किया। उनका परिवार एक मध्यम किसान से बहुत बड़ा जमींदार परिवार हो गया।

**स्वतंत्रता आंदोलन में प्रवेश**

इलाहाबाद में वकालत की पढ़ाई के दौरान सन 1908 में कांग्रेस अधिवेशन के दौरान रामदयालु सिंह का परिचय पंडित मदन मोहन मालवीय और तिरहुत क्षेत्र के प्रतिनिधि के रूप में भाग लेने गए बाबू लंगट सिंह से हुआ। रामदयालु सिंह इन दोनों के व्यक्तित्व से काफी प्रभावित हुए। सन 1910 में इलाहाबाद कुंभ के दौरान इनको संतों के साथ संपर्क का मौका मिला और ये पक्का सनातनी हो गए। नियमित गीता पाठ और सनध्या वंदन का नियम अपने अंतिम जीवन तक निभाया। रामदयालु सिंह बाल गंगाधर तिलक और गोपाल कृष्ण गोखले के विचारधारा से काफी प्रभावित थे। सन 1919 में रोलेट एक्ट के विरुद्ध मुजफ्फरपुर के सरैयागंज में जब एक आम सभा हुई तो पहली बार उस आम सभा में रामदलयू सिंह भाग लिए और स्वतंत्रता आंदोलन के संबंध में अपना पहला भाषण दिया, जिससे अन्य नेतागण उनसे काफी प्रभावित हुए। 7 दिसंबर 1920 को जब महात्मा गांधी चंपारण यात्रा के दौरान मुजफ्फरपुर रात्रि में रुके तो रामदयालु सिंह का संपर्क महात्मा गांधी से हुआ। महात्मा गांधी के विचारों से प्रभावित होकर रामदयालु सिंह उनके साथ चंपारण किसान आंदोलन में भाग लिया। सना 1921 में महात्मा गांधी के आव्हान पर शुरू हुए असहयोग आंदोलन में मुजफ्फरपुर के बहुत से वकीलों ने अपना वकालत पेशा छोड़ दिया। उस समय रामदयालु सिंह भी असहयोग आंदोलन से जुड़े और सामाजिक कार्यों में आगे बढ़कर भाग लेना शुरू किया और सन 1922 में रामदयालु सिंह ने वकालत पेशा छोड़कर अपने को भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के लिए समर्पित कर दिया।

**एक कुशल प्रशासक और संगठन कर्ता**

सन 1922 में रामदयालु सिंह मुजफ्फरपुर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष बनाए गए। उन्होंने पूरे मुजफ्फरपुर जिले में स्वतंत्रता स्वयंसेवकों को कांग्रेस से जोड़ा और सन 1922 में श्रीकृष्णा सिंह के साथ इनको बिहार में स्वराज दल के संगठन का प्रभार दिया गया। सना 1923 में रामदयालु सिंह मुजफ्फरपुर नगर पालिका के उपाध्यक्ष चुने गए। उनके कार्यों को देखते हुए सना 1924 में मुजफ्फरपुर जिला बोर्ड का इन्हें अध्यक्ष बनाया गया। मुजफ्फरपुर जिला बोर्ड के अध्यक्ष बनने के बाद उन्होंने जिले के प्रत्येक गांव का भ्रमण कर ग्रामीण सरकारी स्कूलों के विकास के लिए कार्य किया। दर्जनों स्कूल माध्यमिक और प्राइमरी खुलवाएं। अंग्रेजों द्वारा भारतीय चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद को खत्म कर दिया गया था। लेकिन रामदयालु सिंह ने पुराने आयुर्वेदिक चिकित्सा को पुनर्जीवित करने के लिय मुजफ्फरपुर जिले में आयुर्वेद चिकित्सा के लिए कई एक जगह आयुर्वेदिक अस्पताल बनबायें और वैद्य को नियुक्त किया। सना 1924 आते–आते रामदयालु सिंह की गिनती कांग्रेस के बड़े नेताओं में होने लगी। बिहार उड़ीसा संयुक्त प्रांत के लेजिसलेटिव असेंबली चुनाव में रामदयालु सिंह पुपरी बेलसनड से सदस्य निर्वाचित हुए। सना 1926 से 1928 तक वे बिहार ओड़िसा संयुक्त प्रान्त की विधान सभा में विरोधी दल के नेता रहे।

**बिहार में किसान सभा की स्थापना**

स्वामी सहजानन्द सरस्वती बक्सर से लेकर मजफ्फरपुर जिले के रैयत किसानों को उनका हक दिलाने के लिये कार्य कर रहे थे। साथ ही बिहार के कांग्रेसी नेताओं से उनका अच्छा सम्पर्क था। उस समय रैयत तथा किसान, जमींदार और सरकार से त्रस्त थी। रामदयालु सिंह के प्रस्ताव पर सना 1929 के 17 नबम्बर को हरिहर क्षेत्र मेला के अवसर पर हजीपुर के गंगा गंडक के संगम पर एक विशाल किसान सम्मेलन किया गया। सम्मेलन की पूरी व्यवस्था रामदयालु सिंह के निर्देश पर हजीपुर के किशोरी प्रसनन सिंह और सोनपुर के सबलपुर के किसानों ने की। इसी किसान सम्मेलन में बिहार प्रांतीय किसान सभा का जन्म हुआ और स्वामी सहजानन्द अध्यक्ष तथा श्रीकृष्ण सिंह महामंत्री बनाये गए। राजेन्द्र प्रसाद, अनुग्रह नारायण सिंह, रामदयालु सिंह सदस्य चुने गए।

**बिहार विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष**

सना 1922 से 1937 तक रामदयालु सिंह मजफ्फरपुर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष रहे। अपनी संगठनात्मक क्षमता के बल पर उन्होंने मजफ्फरपुर जिला में स्वतंत्रता स्वयंसेवको का जाल फैला दिया। स्वतंत्रता आन्दोलन के इतिहास मे मजफ्फरपुर का एक अपना इतिहास है। सन 1929 में लाहौर कांग्रेस अधिवेशन में लिए गये निर्णय के अनुसार 26 जनवरी 1930 को जिला मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस और तिरंगा झंडा फहराना था। 26 जनवरी 1930 को रामदयालु सिंह के प्रयास से समूचे जिले से युवा स्वयंसेवक हजारों की संख्या में मजफ्फरपुर के तिलक मैदान पहुंच गए, लेकिन अंग्रेजो की पुलिस ने तिरंगा झंडा फहराने पहुंचे स्वयंसेवक पर लाठी चार्ज कर दिया। वहा भगदड़ मच गई, लेकिन बैकुंठ शुक्ल ने पुलिस के डंडो की मार की परवाह नहीं करते हुए तिरंगा झंडा फहरा दिया। बाद में पुलिस ने बैकुंठ शुक्ल सहित दर्जनों युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सन 1930 के अप्रैल में गांधी जी द्वारा नमक सत्याग्रह का ऐलान हुया। रामदयालु सिंह के नेतृत्व में शिवहर में नमक सत्याग्रह चलाया गया, जिसमें वे पहली बार गिरफ्तार किए गये।

सन 1932 में रामदयालु सिंह को अंग्रेजों ने उनको पत्नी के साथ गिरफ्तार कर हजारीबाग जेल में रखा, जहां से दोनों 6 माह बाद रिहा हुए। 15 जनवरी 1934 में आये भूकम्प से उत्तर बिहार में काफी नुकसान हुया। तब उन्होंने कांग्रेसी स्वयंसेवक महेश प्रसाद सिंह, दीपनारायण सिंह, किशोरी प्रसनन सिंह इत्यादि के सहयोग से भुकम्प पीड़ितो को काफी मदद पहुचाई।

सन 1936 में 1935 शासना अधिनियम के अंतर्गत बिहार प्रांतीय एसेम्बली विधान सभा का चुनाव हुया। रामदयालु सिंह खुद पुपरी बेलसंड क्षेत्र से चुनाव जीते और पूरे उत्तर बिहार से कांग्रेसी उम्मीदवार को विजयी बनाया। विधान सभा मे कांग्रेस का बहुमत हुआ लेकिन प्रधानमंत्री के पद को लेकर कांग्रेस में गुटबाजी शुरू हो गईं। सारण जिले के कद्दावर नेता नारायण प्रसाद सिंह, बीहट वाले रामचरित्र सिंह, दीपनारायण सिंह, महेश प्रसाद सिंह, बिंदेश्वरी वर्मा इत्यादि नेता रामदयालु सिंह को प्रधानमंत्री बनाना चाहते थे।महात्मा गांधी का भी संदेश रामदयालु सिंह के पक्ष में आया लेकिन दक्षिण बिहार के कृष्ण बल्लभ सहाय, पंडित बिनोदानन्द झा, अनुग्रह नारायण सिंह इत्यादि नेताओं की गुटवाजी से खिन्न होकर कांग्रेस विधायक दल की बैठक में प्रधानमंत्री पद के लिए रामदयालु सिंह ने श्रीकृष्ण सिंह के नाम का प्रस्ताव रखा। श्रीकृष्ण सिंह 20 अप्रील 1937 को बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री बने। डॉ श्रीकृष्ण सिंह और अन्य नेताओं के दबाव पर 26 जुलाई 1937 को रामदयालु बाबू सर्वसम्मति से विधान सभा के प्रथम अध्यक्ष बने।

**राजनीति से सनयास**

सन 1937 में बिहार विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष बनने के बाद रामदयालु बाबू ने कांग्रेस से इस्तीफ़ा दे दिया और अपने को दलगत राजनीति से दूर कर लिया। बिहार विधान सभा के अध्यक्ष के रूप में उनकी निष्पक्षता के सभी दल के नेता कायल थे। सन 1939 में गांधीजी के आव्हान पर डॉ श्रीकृष्ण सिंह ने मंत्रिमंडल से त्याग पत्र दे दिया, लेकिन रामदयालु बाबू ने अध्यक्ष पद से त्याग पत्र नहीं दिया और जीवन पर्यंत बिहार विधान सभा के अध्यक्ष रहे।

**परिवार का त्याग और वैराग्य जीवन**

सन 1939 में श्रीकृष्ण सिंह मन्त्रिमण्डल के त्याग पत्र के बाद जहाँ सभी कांग्रेसी स्वतन्त्रता आंदोलन में कूद पड़े, वहीं रामदयालु बाबू ने अपने को स्वतंत्रता आंदोलन से अलग कर लिया। एक बैरागी सनत की भांति देश के धार्मिक स्थानों का भ्रमण करना शुरू कर दिया। उनकी धर्मपत्नी रामप्यारी देवी अपने मायके में जाकर रहने लगी। हाजीपुर के नारायणी तट पर स्थित एक मठ या मनियारी मठ के महन्थ अपने दोस्त दर्शन दासजी के मठ पर ही रामदयालु बाबू रहने लगे। रामदयालु बाबू के कहने पर महन्तजी ने मजफ्फरपुर में एक महिला कॉलेज की स्थापना की जो आज महन्थ दर्शन दास महिला कॉलेज के नाम से जाना जाता है। रामदयालु बाबू 28 नबम्बर 1944 को महन्थ मनियारी मठ पर ही इस नश्वर दुनिया को छोड़कर चले गए।

**सनातन और भारतीय संस्कृति से प्रेम**

रामदयाल बाबू पक्के सनाातनी थे। वे नियमित रूप से गीता पाठ करते आए और संस्कृत शिक्षा के लिए प्रयासरत रहे। सन 1926 में रामदयाल बाबू ने मुजफ्फरपुर के गनीपुर में दान में ली गई 22 एकड़ जमीन में संस्कृत शिक्षा के लिए तिलक विश्वविद्यालय और ब्रह्मचर्य आश्रम कायम किया, जिसमें छात्रों को पुराने गुरुकुल की भांति शिक्षा दी जाने लगी। बाबू रामदयालु सिंह की मृत्यु के बाद उनके मित्र महन्थ दर्शन दास और बाबू महेश प्रसाद सिंह के अथक प्रयास से सन 1948 में उक्त ब्रह्मचर्य आश्रम वाली भूमि में एक महाविद्यालय की स्थापना 9 मई 1948 को की गई। जिसका शुभारंभ बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ श्रीकृष्ण सिंह द्वारा किया गया। यह महाविधालय आज रामदयालु सिंह महाविद्यालय के नाम से उच्च शिक्षा का केंद्र है। इस महाविद्यालय के आसपास का गन्नीपुर का क्षेत्र रामदयालु नगर के नाम से जाना जाता है। इस महाविधालय के छात्रों की सुविधा के लिये महाविद्यालय के नजदीक रेलवे स्टेशन बना जो रामदयालु नगर स्टेशन के नाम से जाना जाता है।

# अनुमंडल मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर झंडोत्तोलन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम की धूम

ममता सिन्हा/तेनुघाट(बोकारो)। बोकारो जिला हद में बेरमो अनुमंडल मुख्यालय तेनुघाट सहित आसपास के क्षेत्रों में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य समारोह तेनुघाट स्थित चिल्ड्रन पार्क में अनुमंडल पदाधिकारी अशोक कुमार ने झंडोत्तोलन किया। झंडोत्तोलन के बाद अनुमंडल पदाधिकारी तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह ने परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी ने उपस्थित जनों को संबोधन किया और वर्तमान सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। साथ ही क्षेत्र की जनता को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। जानकारी के अनुसार गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन कार्यक्रम में जवाहर नवोदय विद्यालय तेनुघाट, डीएवी पब्लिक स्कूल, कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय पेटरवार, कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय गोमियां सहित अन्य विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।








**बेरमो अनुमंडल मुख्यालय में इन पदाधिकारियों के द्वारा झंडोत्तोलन किया गया**

अवसर पर जिला जज प्रथम अनिल कुमार द्वारा व्यवहार न्यायालय तेनुघाट परिसर में झंडोत्तोलन किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी अशोक कुमार द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी आवास, कार्यालय, शहीद पार्क, चिल्ड्रन पार्क, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आवास और कार्यालय में तिरंगा फहराया गया। इस अवसर पर तेनुघाट जेल में जेल अधीक्षक अरुणाभ द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। गोमियां अंचल पुलिस निरीक्षक महेश प्रसाद सिंह द्वारा पुलिस निरीक्षक कार्यालय तेनुघाट और मोहन गंझु चौक, तेनुघाट ओपी प्रभारी अजीत कुमार द्वारा ओपी परिसर, अधिवक्ता संघ कार्यालय पर अधिवक्ता संघ महासचिव वकील प्रसाद महतो, तेनुघाट डिग्री कॉलेज में प्राचार्य सुदामा तिवारी, तेनुघाट पंचायत में मुखिया नीलम श्रीवास्तव, जवाहर नवोदय विद्यालय तेनुघाट में प्राचार्य विपिन कुमार, डीएवी पब्लिक स्कूल तेनुघाट में प्राचार्य द्वारा झंडा फहराया गया। वहीं किरण बेबीज पैराडाइज विद्यालय में प्राचार्या अनु प्रिया द्वारा झंडोतोलन किया गया। विद्यालय के बच्चों द्वारा काफी आकर्षक नृत्य गीत प्रस्तुत किया गया। जिसे देखकर दर्शक आनंद अनुभव किए। प्रेस क्लब में बीरेंद्र प्रसाद के द्वारा झंडोतोलन किया गया। तेनुघाट शिविर संख्या दो मे स्थित भारत माता मंदिर में गोमियां विधायक डॉ लंबोदर महतो और झारखंड पेंसनर समाज में छोटन राम द्वारा झंडोतोलन किया गया। इस अवसर पर विद्यालयों में बच्चों ने कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वहीं तेनुघाट व्यवहार न्यायालय परिसर में बच्चो को जिला जज प्रथम अनिल कुमार, कुटुंब न्यायालय प्रेम नाथ पांडेय, जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी, अनुमंडल पदाधिकारी अशोक कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह, एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति, एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल, सब जज राजेश रंजन कुमार, प्रथम श्रेणी न्यायिक पदाधिकारी शिव राज मिश्रा ने पारितोषिक वितरण कर उत्साह बढ़ाया।

# 78 वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रभारी मंत्री ने किया छपरा में ध्वजारोहण



**प्रहरी संवाददाता/सारण (बिहार)।** स्वतंत्रता दिवस 2024 के अवसर पर बिहार सरकार के सूचना विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग के मंत्री सह प्रभारी मंत्री, सारण सुमित कुमार सिंह ने राजेंद्र स्टेडियम छपरा में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर मंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करनेवाले योग्य व्यक्तियों – महिलाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए सभी योग्य लाभुकों के बीच बासगीत पर्चा का वितरण किया। मौके पर सारण प्रमंडल के आयुक्त, सारण के डीआईजी जिलाधिकारी अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक कुमार आशीष उपस्थित रहे। प्रेक्षागृह सह आर्ट गैलरी, छपरा में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। वन्दे मातरम सहित विभिन्न राष्ट्रीय भावना से ओत –प्रोत गीतों पर भाव नृत्य की प्रस्तुति से संपूर्ण वातावरण गूंज उठा। कलाकारों की प्रस्तुति दमदार रही।

**सोनपुर अनुमंडल में मनाया गया 78 वां स्वतंत्रता दिवस**

जिला के हद में सोनपुर अनुमंडल मुख्यालय के सोनपुर डाक बंगला मैदान में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में सोनपुर एसडीओ कुमार निशांत विवेक ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर एसडीओ श्री विवेक एवं डीएसपी नवल किशोर को गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी गई।सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल बच्चे – बच्चियों को एसडीओ ने पुरस्कृत किया। सोनपुर व्यवहार न्यायालय में अवर न्यायाधीश अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ कुमार निशांत विवेक एवं डीएसपी नवल किशोर ने अपने सरकारी आवास पर झंडोतोलन किया।




संपादक – सुमनभाई रोसिया, प्रबंध संपादक – मुश्ताक खान, कार्यालय – गोल्डन प्लाजा, डी विंग, रुम नं. 109, नेहरु नगर, कुर्ला (पू.) मुंबई – 400024. प्रकाशक–मुद्रक, स्वामी – मुश्ताक खान द्वारा मिलेनियम प्रिंटर्स 314, मथुरादास मिल कंपाउण्ड, सीडी हाऊस के सामने, एन. एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई – 400013 से मुद्रित एवं प्रकाशित। मो. : 09324083786, फोन : 022 25291911.
Web : www.jagatprahari.com, email : jagatprahari786@gmail.com, रजिस्ट्रेशन नं. 73447, आरएनआई पंजीकरण क्रमांक : MAH/HIN/2000/890